संख्या- 662 /2015/1632/69-1-2015-81(बजट)/2013

प्रेषक,

एच0पी0 सिंह,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,
राज्य नगरीय विकास अभिकरण,
उ0प्र0, लखनऊ।

नगरीय रोजगार एवं गरीबी
उन्मूलन कार्यक्रम विभाग। लखनऊ : दिनांक : 15 जुलाई, 2015

**विषय:वित्तीय वर्ष 2015-16 में अनुदान संख्या-37 से शहरी क्षेत्रों की अल्पसंख्यक बाहुल्य बस्तियों में इण्टरलाकिंग, नाली निर्माण, जल निकासी एवं अन्य सामान्य सुविधाओं की स्थापना योजनान्तर्गत जनपद-बरेली की 51 परियोजनाओं हेतु द्वितीय/अंतिम किश्त की वित्तीय स्वीकृति।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-2256/76/एक/एबीएमबीवीवाई/2013-14, दिनांक 29 सितम्बर, 2014 व पत्र संख्या-1148/76/एक/एबीएमबीवीवाई/2013-14, दिनांक 19 जून, 2015 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि **"शहरी क्षेत्रों की अल्पसंख्यक बाहुल्य बस्तियों में इण्टरलाकिंग, नाली निर्माण, जल निकासी व अन्य सामान्य सुविधाओं की स्थापना"** योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2013-14 में अनुदान संख्या-37 के अन्तर्गत जनपद-बरेली की न0निगम बरेली की विभिन्न अल्पसंख्यक बाहुल्य बस्तियों में इण्टरलाकिंग सड़क एवं नाली निर्माण कार्य से सम्बन्धित कुल 59 परियोजनाओं हेतु शासनादेश **संख्या-1964/69-1-2013-83(बजट)/2013, दिनांक 17 फरवरी, 2014 द्वारा रू0 1209.64 लाख की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति सहित उक्त के सापेक्ष प्रथम किश्त के रूप में परियोजना लागत का 50 प्रतिशत अर्थात् रू0 604.82 लाख** की वित्तीय स्वीकृति जारी की गयी थी। अतएव जनपद-बरेली की 59 परियोजनाओं में से 51 परियोजनाओं के कार्यों को पूर्ण कराने हेतु चालू वित्तीय वर्ष 2015-16 में उक्त योजनान्तर्गत प्राविधानित बजट की धनराशि से संलग्न तालिका के स्तम्भ-6 में अंकित द्वितीय/अंतिम किश्त की धनराशि **रू0 522.805 लाख (रूपये पाँच करोड़ बाइस लाख अस्सी हजार पाँच सौ मात्र)** की निम्नलिखित शर्तो/प्रतिबन्धों के अधीन श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

1. उक्त धनराशि प्रश्नगत योजना के सम्बन्ध में जारी दिशा-निर्देशों विषयक शासनादेश संख्या-32/69-1-13-14(31)2012टीसी, दिनांक 16 जनवरी, 2013 में दिये गये दिशा-निर्देश/व्यवस्था का पूर्णरूपेण अनुपालन करते हुए की जायेगी।
2. प्रश्नगत परियोजनाओं में प्रस्तावित कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व वित्तीय हस्तपुस्तिका खण्ड-6 के अध्याय-12 के प्रस्तर-318 में वर्णित व्यवस्था के अनुसार प्रायोजना पर सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जायेगी तथा सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात् ही कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।
3. उक्त धनराशि शासन द्वारा इस योजना के अन्तर्गत निर्धारित शर्तो/योजना के प्रतिबन्धों के अनुसार उपर्युक्तानुसार निहित मद में व्यय की जायेगी एवं स्वीकृत परियोजनान्तर्गत कार्य की विशिष्टियाँ, मानक व गुणवत्ता आदि को सुनिश्चित करते हुए कार्य क्रमशः इस प्रकार कराये जायेंगे कि वे उपलब्ध धनराशि से ही निर्धारित समय सीमा में पूर्ण हो जायें तथा उनका लाभ सम्बन्धित स्थानीय निवासियों को मिल सके।

2/-

4. उक्त धनराशि यथासमय सम्बन्धित डूडा (निर्माण इकाई) को उपलब्ध करा दी जायेगी। सम्बन्धित डूडा (निर्माण इकाई) द्वारा प्रश्नगत परियोजना को जिला स्तरीय शासी निकाय से अनुमोदित कराने के उपरान्त ही निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।
5. उक्त धनराशि जिस कार्य/मद में स्वीकृत की जा रही है, उसका व्यय प्रत्येक दशा में उसी कार्य/मद में किया जायेगा। किसी प्रकार का व्यावर्तन अनुमन्य नहीं होगा। सामग्री/उपकरणों का क्रय वित्तीय नियमों के अनुसार किया जायेगा।
6. स्वीकृत की जा रही धनराशि बैंक/डाकघर/डिपाजिट खाते में नहीं रखी जायेगी। स्वीकृत धनराशि एकमुश्त आहरित न कर आवश्यकतानुसार आहरित कर व्यय की जायेगी।
7. उक्त प्रायोजना की मात्राओं को निर्माण के समय सुनिश्चित किये जाने का पूर्ण दायित्व कार्यदायी संस्था/सम्बन्धित डूडा का होगा।
8. स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत प्राविधानों/समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जायेगा।
9. उक्त धनराशि सम्बन्धित निर्माण इकाई को अवमुक्त करने से पूर्व सूडा द्वारा यह सुनिश्चित कर लिया जायेगा कि प्रश्नगत परियोजनाओं के आगणनों का गठन वित्त विभाग के शासनादेश दिनांक 04.04.2008 के अनुरूप है तथा उसमें कार्य विशेष की लागत सीमा को कम करने के उद्देश्य से अथवा प्रायोजना के स्कोप को कम करके अथवा प्राविधानों को कम करके लागत आकलित नहीं की गई है।
10. उक्त धनराशि सम्बन्धित निर्माण इकाई को अवमुक्त करने से पूर्व यह भी सुनिश्चित कर लिया जायेगा कि उक्त परियोजनान्तर्गत स्वीकृत कार्य हेतु पूर्व में राज्य सरकार अथवा किसी अन्य स्रोत से धनराशि स्वीकृत नहीं की गई है तथा न ही यह कार्य किसी अन्य कार्य योजना में सम्मिलित है, जिससे कि शासकीय धन का दुरूपयोग न होने पाये, अन्यथा की स्थिति में स्वीकृत धनराशि तत्काल राजकोष में जमा कराकर शासन को सूचित किया जायेगा।
11. प्रश्नगत परियोजना से सम्बन्धित कार्यों की द्विरावृत्ति/पुनरावृत्ति न हो, यह सूडा/डूडा द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा।
12. उक्त धनराशि का आहरण निदेशक, राज्य नगरीय विकास अभिकरण, उ0प्र0, लखनऊ द्वारा सचिव/प्रमुख सचिव अथवा विशेष सचिव, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग के प्रतिहस्ताक्षरोपरान्त किया जायेगा।
13. सेन्टेज चार्जेज (अधिष्ठान व्यय) की धनराशि वित्त (लेखा) अनुभाग-2 के शासनादेश संख्या-ए-2-23/दस-2011-17(4)/75, दिनांक 25.01.2011 में जारी विस्तृत दिशा-निर्देशों के क्रम में सुसंगत लेखा शीर्ष में जमा किया जायेगा।
14. प्रत्येक आहरण की सूचना महालेखाकार (राजकोष), महालेखाकार (लेखा), उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद को आदेश की प्रति के साथ कोषागार का नाम, बाउचर संख्या, तिथि तथा लेखाशीर्षक की सूचना एक वर्ष के भीतर अवश्य उपलब्ध करा दी जायेगी।
15. इस धनराशि का उपयोग चालू वित्तीय वर्ष 2015-16 में अवश्य करा लिया जाये और इसके बाद उपयोगिता प्रमाण-पत्र शासन को उपलब्ध कराया जायेगा। निर्धारित अवधि के बाद अनुपयोगित धनराशि, यदि कोई हो, तो एकमुश्त शासन को वापस करनी होगी।
16. स्वीकृत की जा रही धनराशि के सापेक्ष उतनी ही धनराशि आहरित की जायेगी, जितनी 31 मार्च, 2016 तक व्यय हो सके।

2. उपर्युक्त व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2015-16 में अनुदान संख्या-37 में योजनान्तर्गत प्रस्तावित बजट में उपलब्ध धनराशि से लेखाशीर्षक **"2217-शहरी विकास-आयोजनागत-04-गन्दी बस्तियों का विकास-051-निर्माण-03-मलिन बस्तियों तथा अल्पसंख्यक बाहुल्य बस्तियों में सी0सी0 रोड/इण्टरलाकिंग तथा नाली आदि का निर्माण-00-35-पूँजीगत परिसम्पत्तियों के सृजन हेतु अनुदान"** के नामे डाला जायेगा।

3. यह आदेश वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-2/2015/बी-1-925/दस-2015-231/2015, दिनांक 30.03.2015 व समय-समय पर जारी आदेशों के तहत किये जा रहे हैं।

संलग्नक - यथोक्त।

भवदीय,

(एच0पी0 सिंह)
विशेष सचिव।

संख्या-662/2015/1632(1)/69-1-2015 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0,20 सरोजनी नायडू मार्ग, इलाहाबाद।
2. महालेखाकार (लेखा परीक्षा), प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, इलाहाबाद।
3. निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0, छठवां तल, संगम प्लेस, सिविल लाइन, इलाहाबाद।
4. सचिव, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग, उ0प्र0 शासन।
5. जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला नगरीय विकास अभिकरण, बरेली।
6. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-8, उ0प्र0 शासन।
7. नियोजन अनुभाग-4, उ0प्र0 शासन।
8. मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
9. वित्त नियंत्रक, राज्य नगरीय विकास अभिकरण, उ0प्र0, लखनऊ।
10. सहायक वेब मास्टर, सूडा को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड कराने हेतु।
11. गार्ड फाइल/कम्प्यूटर सहायक/बजट समन्वयक।

आज्ञा से,

(एच0पी0 सिंह)
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

शासनादेश संख्या-662 /2015/1632/69-1-2015-81(बजट)/2013, दिनांक 15 जुलाई, 2015 का संलग्नक।

(धनराशि लाख रूपये में)

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | निकाय/ नगर पंचायत का नाम | बस्ती/वार्ड का नाम | परियोजना की कुल लागत | द्वितीय/अंतिम किश्त के रूप में स्वीकृति योग्य धनराशि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | बरेली | न0नि0 बरेली | मो0 एजाज नगर-1 में कल्लू फकीरी के मकान से नासिर हुसैन के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 15.53 | 7.765 |
| 2. | तदैव | तदैव | मो0 एजाज नगर-2 में मुस्तकीम के मकान से गुड्डू के मकान तक, अख्तर के मकान से अशफाक के मकान तक तथा अख्तर के मकान से हारून के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 13.35 | 6.675 |
| 3. | तदैव | तदैव | मो0 एजाज नगर गौटिया-1 में आबिद अली के दुकान से अशद के मकान तक, नसीम के गेट से सफी दूध वाले के मकान तक, तथा कैफी के मकान से शमीम खॉ के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 23.24 | 11.62 |
| 4. | तदैव | तदैव | मो0 एजाज नगर गौटिया-2 में नाजा के मकान से आसिफ अली के मकान तक, शाकिर अहमद के मकान से मो0 सफी के मकान तक, शाहिद के दुकान से रियासत के मकान तक, इशाक के मकान से यासीन के प्लाट तक तथा सलीम पी0सी0ओ0 से जाविर के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 22.71 | 11.355 |
| 5. | तदैव | तदैव | मो0 एजाज नगर गौटिया-3 में भूरे भाई भैंसो वाले के गली में, मो0 आरिफ के मकान से वसी के मकान तक, खालिद ड्राइवर के मकान से बाबू अली के मकान तक, सगीर अहमद की दुकार से तरूद्दीन के मकान तक, बाबू के मकान से सलीम पी0सी0ओ0 तक तथा कालू के मकान से कैफी के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 23.99 | 11.995 |
| 6. | तदैव | तदैव | मो0 एजाज नगर गौटिया-4 में हाजी अतीक के मकान से अबरार के मकान तक, गरीब नवाज मस्जिद के सामने वाली गली में, आमने वाली गली में, यामीन टैम्पू वाले के मकान से पतरोल साहब के मकान तक, नासिर हुसैन वाली गली में तथा पुत्तन के मकान से साविर कन्ट्रोल वाले तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 23.73 | 11.865 |
| 7. | तदैव | तदैव | मो0 एजाज नगर गौटिया-5 में सगीर के मकान से बाबू के मकान तक तथा गुड्डू वाली गली तक | 24.43 | 12.215 |

-2-

http://shasanadesh.up.nic.in

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य। | | |
| 8. | तदैव | तदैव | मो0 एजाज नगर गौटिया-6 में आजाद डेरी से नंद के मकान तक, नबाज अली के मकान से अनवर के मकान तक तथा इफितखार अहमद के दुकान से नजीर कन्ट्रोल तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 23.38 | 11.69 |
| 9. | तदैव | तदैव | मो0 एजाज नगर गौटिया-7 में भैया पहलवान से डा0 मो0 शफीक के मकान तक, शखावत के मकान से जमील के मकान तक तथा उमर वाली गली में इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 23.46 | 11.73 |
| 10. | तदैव | तदैव | मो0 एजाज नगर गौटिया-8 में शाहिद के मकान से ट्रांसफार्मर तक, जफरूद्दीन के मकान से वाजिद अली और इरफान के मकान तक तथा मौलाना वाली गली में इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 22.77 | 11.385 |
| 11. | तदैव | तदैव | मो0 फरीदपुर चौधरी-1 में बुन्दन बेग के मकान से मेन रोड तक, उस्मान वाली गली में, नवाब खाँ के मकान से मो0 यामीन के मकान तक तथा हाजी शकील के मकान से बाबू ड्राइवर के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 22.17 | 11.085 |
| 12. | तदैव | तदैव | मो0 फरीदपुर चौधरी-3 में अख्तर खाँ के मकान से अफसर खाँ और साबिर खाँ के मकान तक, मो0 फिरोज के मकान से बाबू हाजी के मकान तक, बैजुद्दीन डेरी वाली की गली में, अकरम वाली गली में, माजिद डेरी से नफीस के मकान तक, शमा बेग के मकान से नेपाल के मकान तक, कब्रिस्तान वाली गली में, शमशाद के मकान से साबिर के मकान तक तथा अशफाक वाली गली में इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 22.47 | 11.235 |
| 13. | तदैव | तदैव | मो0 फरीदपुर चौधरी-4 में इकरार की दुकान से कालू के मकान तक तथा सैय्यद बाबा मजार वाली गली में इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 18.72 | 9.36 |
| 14. | तदैव | तदैव | मो0 फरीदपुर चौधरी-5 में निसार के मकान से बेरी वाला मजार तक, अफसर खाँ के मकान से इसर के मकान तक, रहमान के मकान से सिकन्दर के मकान तक, शरीफ खाँ के मकान से अनवार के मकान तक, डी0एल0 साइड बाउन्ड्री से लतीफ अंसारी के मकान तक तथा आदिल के मकान से नसीर खाँ के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 19.53 | 9.765 |
| 15. | तदैव | तदैव | मो0 हुसैनबाग (लीचीबाग)-2 में अख्तर खाँ के मकान से अफसर खाँ व साबिर खाँ के मकान तक, मो0 फिरोज के मकान से बाबू हाजी के मकान तक तथा बैजुद्दीन डेरी वाली गली में इण्टरलाकिंग सड़क | 21.39 | 10.695 |

-3-

http://shasanadesh.up.nic.in

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | व नाली निर्माण कार्य। | | |
| 16. | तदैव | तदैव | मो0 हुसैनबाग (लीचीबाग)-3 में पप्पू की दुकान से पोल नं0-03 तक तथा मो0 सईद के मकान से जाकिर के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 21.43 | 10.715 |
| 17. | तदैव | तदैव | मो0 परतापुर-1 में मो0 अली के मकान से आफताब के प्लाट तक, साबिर शफी के मकान से ईदगाह के दरवाजे तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 23.46 | 11.73 |
| 18. | तदैव | तदैव | मो0 परतापुर-2 में फुरकान के मकान से सिराजउद्दीन के मकान तक, विशाल के मकान से जाकिर के मकान तक तथा ईदगाह दरवाजा से वसीम के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 17.85 | 8.925 |
| 19. | तदैव | तदैव | मो0 सकलैनीनगर-1 में आदेश के मकान से शिव मंदिर और गुड्डू के मकान तक, पिन्टू वाली गली में, साजिद के मकान से रईस मियाँ के मकान तक, नसरत के मकान से बाबू के मकान तक, शरीफ अहमद वाली गली तथा खालिद के मकान से अच्छन के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 24.23 | 12.115 |
| 20. | तदैव | तदैव | मो0 सकलैनीनगर-2 में शहादत अली के मकान से चन्दा के मकान तक सगीर के मकान से साविर और सोनी के मकान तक, रज्जन के मकान से करामत के मकान तक तथा चन्दा के मकान से रहीस अहमद के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 23.68 | 11.84 |
| 21. | तदैव | तदैव | मो0 सकलैनीनगर-3 में मोईन के मकान से गुड्डू और नवाब के मकान तक, मुल्ला जी के मकान से बाबू खॉ के मकान तक, बाबू खॉ के मकान से अफरोज के मकान तक तथा बाबू के मकान से साविर के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 15.37 | 7.685 |
| 22. | तदैव | तदैव | मो0 सकलैनीनगर-4 में असलम के मकान से यामीन के मकान तक, फौजी मार्केट से फिरोज के मकान तक तथा अब्दुल हमीद के मकान से हारून के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 22.50 | 11.25 |
| 23. | तदैव | तदैव | मो0 सकलैनीनगर-5 में सिवतैन के मकान से रज्जन के मकान तक, युसूफ के मकान से अब्दुल हमीद के मकान तक तथा दानिश के मकान से इकरार के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 21.48 | 10.74 |

http://shasanadesh.up.nic.in

-4-

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 24. | तदैव | तदैव | मो0 सकलैनीनगर-6 में फईम के मकान असलम के मकान तक, महशर के मकान से बाबू के मकान तक, मोबीन के मकान से बाबू खाँ के मकान तक, नन्हें के मकान से दानिश के मकान तक तथा शफीक के मकान से सैय्यद अली के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 20.05 | 10.025 |
| 25. | तदैव | तदैव | मो0 जोगी नवादा में फिदा हुसैन के मकान से मेंहदी हसन के मकान तक तथा नासिर अली के मकान से बाबूदीन के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण का कार्य। | 18.71 | 9.355 |
| 26. | तदैव | तदैव | मो0 जोगी नवादा अल्वीनगर-1 में हरगोविन्द जाटव के मकान से शिवराम सिंह जाटव के मकान तक, धीगम सागर के मकान से जोगराम जाटव के मकान तक तथा होरीलाल के मकान से रामपाल सागर के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण का कार्य। | 16.17 | 8.085 |
| 27. | तदैव | तदैव | मो0 जोगी नवादा अल्वीनगर-2 में ओमकार जाटव के मकान से लाखन सिंह सागर के मकान तक तथा हुलासीराम जाटव के मकान से मुरदयाल सागर के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण का कार्य। | 13.57 | 6.785 |
| 28. | तदैव | तदैव | मो0 जोगी नवादा कब्रिस्तान रोड-1 में महरूम शाह के मकान से हसीन अल्वी के मकान तक, हसीन अल्वी के मकान से आरिफ अल्वी के मकान तक, आरिफ के मकान से अनवार के मकान तक तथा कब्रिस्तान रोड से अनवार के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण का कार्य। | 18.15 | 9.075 |
| 29. | तदैव | तदैव | चक महमूद में नासिर अली के मकान से मुन्ने के मकान तक तथा जमालउद्दीन के मकान से मकान के मकान तक एवं नासिर के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण का कार्य। | 16.16 | 8.08 |
| 30. | तदैव | तदैव | कंजादासपुर-1 में चक्की से कब्रिस्तान मोड़ तक तथा कब्रिस्तान मोड़ से शेर बहादुर के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण का कार्य। | 24.47 | 12.235 |
| 31. | तदैव | तदैव | कंजादासपुर-2 में शेर बहादुर के मकान से शहीद खाँ के मकान तक तथा शहीद खाँ के मकान से मजहर के मकान के तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण का कार्य। | 24.30 | 12.15 |
| 32. | तदैव | तदैव | कंजादासपुर-3 में मजहर के मकान से खेत तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण का कार्य। | 23.21 | 11.605 |
| 33. | तदैव | तदैव | गोविन्दापुर-2 में नन्हें के मकान से मुल्ला के प्लाट तक, फौजदार के मकान से नासिर बेग के मकान तक, सरदार खाँ से यामीन के मकान तक तथा बरार | 24.09 | 12.045 |

-5-

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | के मकान से इसरार के मकान तक इण्टरलाकिंग रोड़ व नाली निर्माण कार्य। | | |
| 34. | तदैव | तदैव | गोविन्दापुर-3 में नूरी के मकान से कुन्दन के मकान तक, नत्थू के मकान से अल्मामातर स्कूल तक, डोलट खॉ के मकान से दुल्हा खॉ और रहमान खॉ के मकान तक तथा सुवेदा के मकान से अनीस के दुकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 24.51 | 12.255 |
| 35. | तदैव | तदैव | गोविन्दापुर-4 में सद्दीक खॉ के मकान से ट्रांसफार्मर तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 23.93 | 11.965 |
| 36. | तदैव | तदैव | गोविन्दापुर-5 में बुन्दा के मकान से इस्माईल के मकान तक, आसिफ खॉ के मकान से बाबू खॉ के मकान तक, जीमल के मकान से शमशेर के मकान तक, निसार खॉ के मकान से रहीस खॉ के मकान तक तथा हसन रजा के मकान से साविर अली के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 23.91 | 11.955 |
| 37. | तदैव | तदैव | गोविन्दापुर-6 में चक्की से इदरीश के मकान तक, जिलेदार खॉ के मकान से वीर खॉ के मकान तक, शकील खॉ के सामने वाली गली में, साजिद के मकान से निसार के मकान तक तथा मस्जिद से कब्रिस्तान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 23.11 | 11.555 |
| 38. | तदैव | तदैव | गोविन्दापुर-9 में लाइन वाले मेन रोड से खलील के मकान से कबीर के मकान तक, सद्दीक के मकान से मो0 यामीन के मकान तक तथा अनीस खॉ के मकान से बाबू के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 22.09 | 11.045 |
| 39. | तदैव | तदैव | गोविन्दापुर-13 में लाइन वाले मेन रोड से तथा दौलत खॉ के मकान से फैयाज के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 14.58 | 7.29 |
| 40. | तदैव | तदैव | न0नि0 बरेली के फरीदापुर चौधरी-2 में अकील खॉ के मकान से जुल्फिकार और हसीन मियॉ के मकान तक, फकरूद्दीन के पलाट से फैय्याज के मकान तक, नसीर के प्लाट वाली गली में तथा मो0 उमर वाली गली में इण्टरलाकिंग सड़क एवं नाली निर्माण कार्य। | 21.61 | 10.805 |
| 41. | तदैव | तदैव | न0नि0 बरेली के हुसैनबाग (लीचीबाग-1) में रामपुर रोड से पप्पू के दुकान तक इण्टरलाकिंग सड़क एवं नाली निर्माण कार्य। | 23.18 | 11.59 |
| 42. | तदैव | तदैव | न0नि0 बरेली के हुसैनबाग (लीचीबाग-4) में हाजी के मकान से पप्पन के मकान तक, बाबू के मकान से शखावत के मकान तक तथा हनीफ के मकान से असरार के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क एवं नाली | 17.62 | 8.81 |

http://shasanadesh.up.nic.in

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | निर्माण कार्य। | | |
| 43. | तदैव | तदैव | न0नि0 बरेली के हुसैनबाग (लीचीबाग-5) में कलेक्टर के मकान से पुत्तन के मकान तक, बाबू के मकान से जाकिर, मकबूल व माजिद के मकान तक तथा अकरम के मकान से जुल्फिकार के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क एवं नाली निर्माण कार्य। | 17.62 | 8.81 |
| 44. | तदैव | तदैव | न0नि0 बरेली के परतापुर-3 में जाकिर के मकान से साबिर के मकान तक, सलीम के मकान से हाजी के मकान तक, जाकिर के मकान से कालू के मकान तक, चॉद भाई के मकान से विशाल के मकान तक तथा आफताब के मकान से फुरकान के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क एवं नाली निर्माण कार्य। | 10.00 | 5.00 |
| 45. | तदैव | तदैव | न0नि0 बरेली के रहपुरा चौधरी-1 में युसूफ के मकान से मुस्तकीम के मकान तक, रियासत के मकान से यतीश के मकान तक, मदरसा से मुल्ला जी मजार तक तथा कालू के मकान से कब्रिस्तान के अन्तिम दरवाजा तक इण्टरलाकिंग सड़क एवं नाली निर्माण कार्य। | 18.55 | 9.275 |
| 46. | तदैव | तदैव | न0नि0 बरेली के रहपुरा चौधरी-2 में अहमद रजा के मकान से बाबू के मकान तक, शहीद के मकान से रजा चौक तथा अशफाक के मकान से फूल खॉ के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क एवं नाली निर्माण कार्य। | 16.06 | 8.03 |
| 47. | तदैव | तदैव | न0नि0 बरेली के रहपुरा चौधरी-3 में भाई के मकान से मुस्ताक के मकान तक, राजा के मकान से साबिर के मकान तक, इस्माईल के मकान से माजिद के मकान तक, नजफ के मकान से मुल्ला जी और लियाकत के मकान तक और आशिक रजा के मकान से रहमत बेग के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क एवं नाली निर्माण कार्य। | 16.74 | 8.37 |
| 48. | तदैव | तदैव | न0नि0 बरेली के सनौआ-1 में पी0डब्लू0डी0 रोड से नन्हें के मकान तक, शाहिद खॉ के मकान से अबरार अली के मकान तक, सादिक बेग के मकान से खुददार खॉ के मकान तक, साबिर मो0 के मकान से जलील खॉ के मकान तक, शकील के मकान से अफसार बेग के मकान तक तथा नवी शेर के मकान से इस्लाम नवी के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क एवं नाली निर्माण कार्य। | 15.58 | 7.79 |
| 49. | तदैव | तदैव | न0नि0 बरेली के सनौआ-2 में अनवर बेग के मकान से हनीफ बेग के मकान तक, सुबेदार खॉ के मकान से नन्हू खॉ के मकान तक, राशिद खॉ के मकान से सुलेमान खॉ के मकान तक, बुन्दे खॉ के मकान से आलम बेग के मकान तक तथा असगर के मकान से | 20.67 | 10.335 |



shasanadesh.up.nic.in

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | पीर खॉ के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क एवं नाली निर्माण कार्य। | | |
| 50. | तदैव | तदैव | न0नि0 बरेली की गोविन्दापुरा-1 में लाइन वाले मेन रोड से 1 तक इण्टरलाकिंग सड़क एवं नाली निर्माण कार्य। | 22.13 | 11.065 |
| 51. | तदैव | तदैव | न0नि0 बरेली के गोविन्दपुरा-8 में मेंहदी हसन के मकान से निसार खॉ के मकान तक, इकबाल के मकान से रशीद बेग के मकान तक, फैयाज खॉ के मकान से अतीक के मकान तक, असगर खॉ के मकान से साजिद खॉ के मकान तक, अली रजा के मकान से बुन्दन के मकान तक तथा इस्राईल के मकान से इस्लाम खॉ के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क एवं नाली निर्माण कार्य। | 23.97 | 11.985 |
| योग | | | | 1045.61 | 522.805 |

**(रूपये पॉच करोड़ बाइस लाख अस्सी हजार पॉच सौ मात्र)।**

(एच0पी0 सिंह)
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in